कार्यालय प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
Website - www.bcspgcdmt.com
E-mail - pgcollege.dhamtari@gmail.com
AISHE CODE: C-21763 | NAAC GRADE B+
दूरभाष– 07722–238933
फैक्स – 07722–237933

दिनांक 18/05/2024

# सेमेस्टर परीक्षा (मई/जून) 2024

## ।।समय सारणी संबंधी सूचना।।

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) के पत्र कमांक/9620/परीक्षा/सेमेस्टर/समय-सारणी/2024, रायपुर दिनांक 06.05.2024 द्वारा महाविद्यालयों में संचालित होने वाली सेमेस्टर परीक्षाएं मई/जून 2024 की समय सारणी विश्वविद्यालय द्वारा घोषित कर दी गई है। घोषित समय सारणी के अनुसार एम.ए./एम.एस.सी./एम.कॉम./एम.एस.सी.होम साइंस- चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएँ 06 जून 2024 से प्रारंभ होकर 04.07.2024 तक चलेगी। इसी प्रकार एम.ए./एम.एस.सी./एम.कॉम./एम.एस.सी.होम साइंस- द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएँ 11.06.2024 से प्रारंभ होकर 01.07.2024 तक चलेगी। बी.बी.ए.-द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठ्म सेमेस्टर की परीक्षाएँ 11.06.2024 से प्रारंभ होकर 06.07.2024 तक चलेगी। एलएल.बी. भाग-एक (द्वितीय सेमेस्टर) नियमित/भुतपूर्व/एटीकेटी की परीक्षाए 12.06.2024 से 13.07.2024 तक चलेगी। एलएल.बी. भाग-दो (द्वितीय सेमेस्टर) नियमित/भुतपूर्व/एटीकेटी की परीक्षाए 14.06.2024 से 10.07.2024 तक एवं एलएल.बी. भाग-तीन (द्वितीय सेमेस्टर) मुख्य/भुतपूर्व/एटीकेटी की परीक्षाए 12.06.2024 से 13.07.2024 तक चलेगी। इसी प्रकार एलएल.बी. भाग-एक, दो एवं तीन (प्रथम सेमेस्टर) की भुतपूर्व/एटीकेटी की परीक्षाए दिनांक 11.06.2024 से प्रारंभ होकर 15.07.2024 तक चलेगी। पी.जी.डी.सी.ए. एवं डी.सी.ए.-द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएँ दिनांक 04.07.2024 से प्रारंभ होकर 11.07.2024 तक चलेगी।

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) की अधिसूचना क्रमांक/9765/परीक्षा/संशो/ सेमेस्टर/ समय सारणी/2024 रायपुर दिनांक 17.05.2024 द्वारा पूर्व घोषित समय सारणी में आंशिक संशोधन किया गया है। समस्त परीक्षार्थी महाविद्यालय के सूचना पटल में चस्पा की गई, समय सारणी का अवलोकन अनिवार्यतः करें। परीक्षा केन्द्र कमांक- 401, बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी के परीक्षा केन्द्र में सम्मिलित होने वाले समस्त परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि सेमेस्टर परीक्षा विश्वविद्यालय की घोषित समय सारणी के अनुसार प्रातः 08:00 बजे से 11:00 बजे तक संचालित होगी। परीक्षार्थी निर्धारित तिथि एवं समय में प्रवेश पत्र के साथ महाविद्यालय में उपस्थित होवें। परीक्षा केन्द्र कमांक 401 में बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी, शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी, बाबू पंढरी राव कृदत् शासकीय महाविद्यालय सिलौटी, जेनेसिस कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन धमतरी, वंदेमातरम् कॉलेज धमतरी एवं काम्पटेक महाविद्यालय धमतरी के परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। समय-सारणी के विस्तृत जानकारी के लिए परीक्षार्थी महाविद्यालय के सूचना पटल एवं वेबसाईट का अवलोकन अवश्य करें।

(डॉ.श्रीदेवी चौबे)
प्र.प्राचार्य
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला धमतरी (छ.ग.)

Scanned with CamScanner